मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-43
19/01/2021

मुख्यमंत्री ने भारतीय क्रिकेट टीम को शानदार जीत पर दी बधाई

पटना, 19 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ऑस्ट्रेलिया में भारतीय क्रिकेट टीम की शानदार जीत पर सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम की यह जीत उनकी दृढ़ मेहनत, ऊर्जा और उल्लेखनीय धैर्य के साथ ही दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

गौरतलब है कि ब्रिस्बेन के गाबा में खेले गए बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने चार मैचों की यह सीरीज भी 2–1 से अपने नाम कर ली है। मुख्यमंत्री ने भारतीय क्रिकेट टीम को भविष्य के लिये अपनी शुभकानायें भी दी हैं।

******